F.Y.B.A
23/11/17
3 to 6
page 2

FYBA Hindi-New
Entra

Hindi I
Sem I

(40)

Q.P. Code :22745

[समय: ३ घंटे] [कुलअंक:१००]

Please check whether you have got the right question paper.

प्र.१ निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए - २४

1) यह कितना सच है किसी भी प्रकार के दर्द, कष्ट के लिए ही रोना जरुरी होता है, धुँधआना नहीं - परंतु मनुष्य किसी के सामने होने पर ही रोता है | हाँ अपने से वह प्रलाप अवश्य कर सकता है | रोने से मनुष्य को शांति मिलती है परंतु प्रलाप से व्यक्ति में प्रतिशोध ही जागता है |

अथवा

'निकम्मा बैठने को तो मैं नहीं कहती, पर सेहत गँवाकर रूपया जमा करने की सलाह भी नहीं दे सकती |'

2) जो भी दुखिया आया, अपनी विपदा बताई, उसे देवता सा दे दिया और वसूलने के समय जब वह आँखों से आँसू लाकर गिड़गिड़ाया तो देवता की ही तरह पसीज गये |

अथवा

राजा को प्रजा से धन वसूल करने की विद्या आनी चाहिए | प्रजा से प्रसन्नतापूर्वक धन खींच लेना, राजा का आवश्यक गुण है | उसे बिना नश्तर लगाए खून निकालना आना चाहिए | मुझमें यह गुण है, इसलिए मैं ही राजगद्दी का अधिकारी हूँ |

प्र.2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ३०

1) 'परदा' कहानी के शीर्षक पर प्रकाश डालिए |

अथवा

खारु बंजारे ने भेड़िया के झुंड का मुकाबला किस प्रकार किया ? वर्णन कीजिए |

2) 'महाभारत की एक सांझ' के आधार पर दुर्योधन और युधिष्ठिर के बीच हुए संवाद को अपने शब्दों में लिखिए |

अथवा

'सरहद के उस पार' के आधार पर 'नेपाल राज्य' का चित्रण प्रस्तुत कीजिए |

9C038EE614896F8B498AFED518F524EA

मोक्षा रि/2017

प्र.3 निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लिखिए - १५

1) राधेलाल का चरित्र - चित्रण कीजिए |
2) शंकर नौकरी छोड़कर अपने देश क्यों जाना चाहता है? नजर नसाय गई मालिक के आधार पर समझाइए |

प्र.4 टिप्पणियाँ लिखिए - १६

1) 'टेपचू' कहानी का टेपचू |

अथवा

'काला शुक्रवार' कहानी का मूलभाव |

2) लेखक की भिवंडी यात्रा |

अथवा

भाषा के सम्बन्ध में लेखक के विचार |

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए - १५

1. रामभरोसे ने भोज में राधेलाल को कौन सा काम सौंपा ?
2. चौधरी पीर बख्श के दादा चुंगी के महकमें में क्या थे ?
3. बाकर डाची कितने रुपये में खरीदता है ?
4. 'भेड़िये' कहानी के लेखक का नाम बताइए ?
5. कुलदीप किससे प्रेम करता था ?
6. मुंबई शहर में कुल कितने बम विस्फोट हुए थे ?
7. टेपचू कहानी में किस नदी का जिक्र हुआ है ?
8. 'प्रतिशोध' किस पहाड़ी गाँव की कहानी है ?
9. कितने रुपए के लिए शंकर की नजर नसाय गई ?
10. मंत्री की सलाह से राजा ने किस बेटे का राज्याभिषेक किया ?
11. दुर्योधन को सदैव किस बात का दुख रहेगा ?
12. 'सरहद के उस पार' के लेखक का नाम बताइए |
13. गोविंद निहलानी की तमस फिल्म में लेखक ने कौन सी भूमिका निभाई थी ?
14. 'भाषा बहता नीर' किस विधा की रचना है ?
15. सरयू भैया को कितनी बेटियाँ थी ?

****

9C038EE614896F8B498AFED518F524EA